From

Director General Higher Education, Haryana,
Shiksha Sadan, Sector-5, Panchkula.

To

1. All the Registrars/Vice Chancellors of State / Private Universities (Under the ambit of Higher Education)
2. All the Principals of Govt. Colleges in the State of Haryana
3. All the Principals of Aided Colleges in the State of Haryan
4. All the Principals of Self Financing Colleges in the State of Haryana

Memo No. 9/97-2025 Co. (3)
Dated, Panchkula, the

**Sub:** जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर) को हरियाणा के सभी शैक्षणिक संस्थानों में मनाने हेतु निवेदन।

************

Kindly refer to the subject cited above.

A copy of letter No. 46/2025-26, dated 06.08.2025 received from Vanvasi Kalyan Ashram Haryana is forwarded with the request to celebrate Janjatiya Gaurav Diwas on 15 November, 2025 for your information and necessary action

Joint Director Coordination
for Director General Higher Education,
Haryana, Panchkula.

CC: IT to upload on portal.

Reg. No. 885/86-87-1980/2017

# वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा
# VANVASI KALYAN ASHRAM HARYANA

तू मैं एक रक्त

अग्रसैन चौक, बजरंगबली कॉलोनी, रोहतक मार्ग, भिवानी
Aggarsain Chowk, Bajrang Bali Colony, Rohtak Road, Bhiwani
E-mail : haryanavka@gmail.com | Website : vkaharyana.com | Ph. 01664-244343

पत्र क्र. : 46/2025-26 दिनांक : 06/08/2025

सेवा में,

माननीय शिक्षा मंत्री महोदय
हरियाणा सरकार।

**विषय – जनजातीय गौरव दिवस (15 नवम्बर) एवं रानी दुर्गावती जयंती (5 अक्टूबर) को हरियाणा के सभी शैक्षणिक संस्थानों में मनाने हेतु निवेदन।**

महोदय,

आपको वनवासी कल्याण आश्रम, हरियाणा द्वारा सादर निवेदन है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों के योगदान को याद करते हुए "जनजातीय वीरों के योगदान को याद करते हुए "जनजातीय गौरव दिवस" और "रानी दुर्गावती जयंती" का राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों में गरिमापूर्ण ढंग से आयोजन किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें।

भारत सरकार ने वर्ष 2021 में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा की थी, जो महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा का सम्मान करती है। वर्ष 2025 में हम उनकी 151 वीं जयंती के कार्यक्रम पूरे हरियाणा प्रदेश में मनाना चाहते है। भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के विरूद्ध बहादुरी से लड़ाई लड़ी और जनजातीय संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

इसी तरह रानी दुर्गावती, वीरांगना जनजातीय रानी थीं, जिन्होंने मुगलों के विरूद्ध साहसिक लड़ाई लड़ी। उनकी जयंती 5 अक्टूबर को है, जिसे राज्य के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों और विश्व विद्यालयों में मनाना चाहिए, ताकि युवाओं में साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान की भावना जागृत हो।

Diary No. 45341
Date 02.9.25
Higher Education Minister

HEM

DGHE Dy. No. 5560
Date 04/9/25

इसलिए आपसे निवेदन है कि आप निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा (Director of Higher Education Haryana) तथा निदेशक विद्यालय शिक्षा, हरियाणा (Director of School Education Haryana) को निम्नलिखित निर्देश जारी करने की कृपा करें।

1. 15 नवम्बर 2025 को सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाए, जिसमें भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर व्याख्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी तथा जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएं।

2. 5 अक्टूबर 2025 को रानी दुर्गावती जयंती के अवसर पर सभी शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएं।

इन आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय के बहुमूल्य योगदान से परिचित कराया जा सकेगा तथा सामाजिक समावेशन की भावना को भी बल मिलेगा।

आपसे निवेदन है कि इस विषय में आवश्यक कार्यवाही कर हमें कृतार्थ करें।

आपकी कृपा की अपेक्षा सहित।

सादर,

जय भगवान शर्मा,
उत्तर क्षेत्र नगरीय कार्य प्रमुख,
अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम।

राम बाबू सिंघल, प्रांत अध्यक्ष
वनवासी कल्याण आश्रम, हरियाणा

कुणाल भारद्वाज
युवा एवं विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख,
वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा।